उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904

{उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1, सन् 1904}

THE UTTAR PRADESH GENERAL CLAUSES ACT, 1904

[U. P. Act No. 1 of 1904]

{उत्तर प्रदेश}[1] साधारण खण्ड अधिनियम, 1904[2]

{उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1, 1904}

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5, 1957

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975

द्वारा संशोधित

गवर्नमेन्ट आफ इण्डिया (एडेप्टेशन ऑफ इण्डियन लॉज) आर्डर, 1937 द्वारा अनुकूलित तथा परिष्कृत।

एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा अनुकूलित तथा परिष्कृत।

{लेफ्टीनेन्ट गवर्नर ने 28 नवम्बर, 1903 तथा गवर्नर जनरल ने 7 जनवरी, 1904 को स्वीकृत प्रदान की तथा इण्डियन काउन्सिल ऐक्ट, 1861 की धारा 40 के अधीन 23 जनवरी, 1904 को प्रकाशित हुआ।}

1887 तथा 1896 के {उत्तर प्रदेश}[1] जनरल क्लॉजेज ऐक्टों के समेकन और विस्तारण के लिए

अधिनियम

यह इष्टकर है कि 1887 तथा 1896 के {उत्तर प्रदेश}[1] जनरल क्लॉजेज ऐक्टों का समेकन और विस्तारण किया जाय;

अतः एतदद्वारा निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :––

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–– (1) यह अधिनियम {उत्तर प्रदेश}[1] साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 कहलाएगा; और

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

2–– {* * *}[3]

---

1. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 54, 1975 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उद्देश्यों और कारणों के विवरण के लिए गजट 1903, भाग 5, पृष्ठ 46 देखिये।

इस अधिनियम का विस्तार इस सारणी के स्तम्भ 1 में उल्लिखित क्षेत्रों में, स्तम्भ 2 में उल्लिखित अधिनियम या आर्डर के अधीन किया गया है और इसे ऐसे क्षेत्रों में, स्तम्भ 3 में उल्लिखित विज्ञप्ति, यदि कोई हो, के अधीन उस दिनांक से, जो प्रत्येक ऐसे क्षेत्र के सामने स्तम्भ 4 में उल्लिखित है, प्रवृत्त किया गया है :–

क्षेत्र	अधिनियम अथवा आदेश, जिनके अन्तर्गत विस्तार किया गया	विज्ञप्ति, यदि कोई हो, जिनके अन्तर्गत प्रभावी किया गया	तिथि, जिससे प्रभावी किया गया
1	2	3	4
1–– जिला रामपुर	रामपुर (विधियों को लागू करने का) ऐक्ट, 1950	–––	दिसम्बर 30, 1949
2–– जिला बनारस	बनारस (विधियों को लागू करने का) आर्डर, 1949	संख्या 3262/सत्रह, दिनांक नवम्बर 30, 1949	नवम्बर 30, 1949
3–– जिला टिहरी–गढ़वाल	टिहरी गढ़वाल (विधियों को लागू करने का) आर्डर, 1949	तदैव	तदैव

3. उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 54, 1975 की धारा 3 द्वारा निकाली गई।

अधिनियम का अन्य अधिनियमितियों पर लागू होना

{3–– (1) इस अधिनियम के उपबन्ध इस अधिनियम और समस्त उत्तर प्रदेश अधिनियमों पर लागू होंगे, चाहे वे इस अधिनियम के प्रारम्भ के पूर्व या पश्चात् बनाये गये हों।

(2) किसी अधिनियमिति अथवा परिनियत संलेख पर अपने लागू होने के सम्बन्ध में इस अधिनियम के उपबन्ध उस अधिनियमिति या संलेख के, जिसका निर्वाचन किया जाना हो, प्रसंग की किन्हीं प्रतिकूल अपेक्षाओं के अधीन होंगे।}[1]

साधारण परिभाषाएं

परिभाषाएं

4–– जब तक विषय या प्रसंग में कोई बात विरूद्ध न हो, {उत्तर प्रदेश}[2] के समस्त अधिनियमों में –

''दुष्प्रेरण'' 1860 का 45

(1) ''दुष्प्रेरण'' का उसके व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित वही अर्थ होगा, जो भारतीय दण्ड संहिता में है;

''कार्य''

(2) ''कार्य'' का प्रयोग जब किसी अपराध या किसी सिविल दोष के प्रति निर्देश से किया जाता है तो उसके अन्तर्गत कार्यावलि भी आयेगी और उन शब्दों का, जो किये गये कार्यों के प्रति निर्देश करते हैं, विस्तार अवैध लोगों तक भी होगा;

''शपथपत्र''

(3) ''शपथपत्र'' के अन्तर्गत ऐसे व्यक्तियों की दशा में, जिन्हें शपथ लेने के स्थान पर प्रतिज्ञान या घोषणा करने के लिए विधि द्वारा अनुज्ञा दी गई हो, प्रतिज्ञान और घोषणा भी आयेंगी;

''आगरा''

(4) ''आगरा'' का तात्पर्य उस राज्य–क्षेत्र से होगा, जो 22 मार्च, 1902 के पूर्व {नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज}[3] कहलाता था;

'कृषि वर्ष'

{(4–क) 'कृषि वर्ष' का तात्पर्य जुलाई के प्रथम दिन को आरम्भ होने वाले वर्ष से होगा;}[4]

'सहायक कलैक्टर'

(5) 'सहायक कलैक्टर' के अन्तर्गत सहायक आयुक्त भी होगा;

'बैरिस्टर'

(6) ''बैरिस्टर'' का तात्पर्य इंग्लैण्ड या आयरलैण्ड के बैरिस्टर या स्काटलैण्ड की फैकल्टी ऑफ एडवोकेट्स के सदस्य से होगा;

''राजस्व परिषद्''

(7) ''राजस्व परिषद्'' का तात्पर्य {उत्तर प्रदेश}[2] की राजस्व परिषद् से होगा;

{(7–क) ''केन्द्रीय अधिनियम'' का वही अर्थ होगा, जो साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 में है;

(7–ख) ''केन्द्रीय सरकार'' का वही अर्थ होगा, जो साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 में है;}[5]

''अध्याय''

(8) ''अध्याय'' का तात्पर्य उस अधिनियम के अध्याय से होगा, जिसमें वह शब्द आता हो;

{(8–क) ''खण्ड'' का तात्पर्य ऐसी धारा या उपधारा के, जिसमें वह शब्द आये, अन्तर्विभाजन से (जो उपधारा न हो) होगा;}[6]

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 4 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) अथवा (दि यूनाइटेड प्राविन्सेज) के लिए प्रतिस्थापित।
3. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा शब्द (नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज) अपरिष्कृत रहेंगे।
4. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (1) द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उपर्युक्त की धारा 5 (2) द्वारा अंतर्विष्ट।
6. उपर्युक्त की धारा 5 (3) द्वारा अंतर्विष्ट।

''कलैक्टर''

(9) ''कलैक्टर'' का तात्पर्य किसी जिले के राजस्व प्रशासन के मुख्य प्रभारी अधिकारी से होगा और उसके अन्तर्गत कोई उपायुक्त तथा देहरादून का अधीक्षक होगा;

''प्रारम्भ''

(10) ''प्रारम्भ'' का उपयोग जब किसी अधिनियम के प्रति निर्देश से किया जाता है तो उसका तात्पर्य उस दिन से होगा, जिस दिन वह अधिनियम प्रवृत्त होता है;

''आयुक्त''

(11) ''आयुक्त'' का तात्पर्य डिवीजन के राजस्व प्रशासन के मुख्य प्रभारी अधिकारी से होगा;

{(11–क) ''संविधान'' का तात्पर्य 'भारत का संविधान' से होगा;

(11–ख) ''पुत्री'' के अन्तर्गत, किसी ऐसे व्यक्ति की दशा में, जिस पर लागू विधि पुत्री का दत्तक ग्रहण अनुज्ञात करती हो, दत्तक पुत्री भी आयेगी;

(11–ग) ''दिन'' का तात्पर्य अर्धरात्रि से प्रारम्भ होने वाली चौबीस घंटों की अवधि से होगा;}[1]

''जिला न्यायाधीश''

(12) ''जिला न्यायाधीश'' का तात्पर्य आरम्भिक अधिकारिता के प्रधान सिविल न्यायालय के न्यायाधीश से होगा, किन्तु अपनी मामूली या गैरमामूली आरम्भिक सिविल अधिकारिता का प्रयोग करता हुआ उच्च न्यायालय इसके अन्तर्गत नहीं आयेगा;

{(12–क) ''जिला मजिस्ट्रट'' का तात्पर्य दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 20 की उपधारा (1) के अधीन इस रूप में नियुक्त व्यक्ति से होगा और उसके अन्तर्गत किसी जिले का उप–आयुक्त भी होगा;}[2]

''दस्तावेज''

(13) ''दस्तावेज'' के अन्तर्गत ऐसा कोई विषय आयेगा, जिसे किसी पदार्थ पर अक्षरों, अंकों या चिन्हों के साधन या उनमें से एक से अधिक साधन द्वारा, जो उस विषय को अभिलिखित करने के प्रयोजन से उपयोग किये जाने के लिए आशयित हो या उपयोग किया जा सके, लिखित, अभिव्यक्त या वर्णित किया गया हो;

''अधिनियमिति''

(14) ''अधिनियमिति'' के अन्तर्गत विनियम (एतद्पश्चात् यथापरिभाषित) तथा बंगाल, मद्रास या मुम्बई संहिता का कोई विनियम आयेगा तथा इसके अन्तर्गत किसी अधिनियम में या यथापूर्वोक्त किसी विनियम में अन्तर्विष्ट कोई उपबन्ध भी आयेगा;

''पिता''

(15) ''पिता'' के अन्तर्गत किसी ऐसे व्यक्ति की दशा में, जिसकी ''पिता'' स्वीय विधि दत्तक ग्रहण अनुज्ञात करती हो, दत्तक पिता भी आयेगा;

''वित्तीय वर्ष''

(16) ''वित्तीय वर्ष'' का तात्पर्य अप्रैल के प्रथम दिन से प्रारम्भ होने वाले वर्ष से होगा;

''सद्भावपूर्वक''

(17) कोई बात ''सद्भावपूर्वक'' की गयी समझी जाएगी, यदि वह तथ्यतः ईमानदारी से की गई है, चाहे वह उपेक्षा से की गई हो या नहीं;

''गजट''

(18) ''गजट'' का तात्पर्य {उत्तर प्रदेश}[3] के सरकारी गजट से होगा;

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (4) द्वारा अन्तर्विष्ट।
2. उपर्युक्त की धारा 5 (5) द्वारा अंतर्विष्ट तथा सदैव से अंतर्विष्ट किया समझा जायगा।
3. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (दि यूनाइटेड प्राविन्सेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित।

{(19) ''माल'' के अन्तर्गत सभी सामग्री, वस्तुएं तथा पदार्थ भी आयेंगे और विद्युत् भी आयेगी; ''माल''

(19–क) ''सरकार'' के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार तथा कोई राज्य सरकार आयेगी;

(19–ख) ''सरकारी प्रतिभूतियाँ'' का तात्पर्य केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार की प्रतिभूतियों से होगा;

(19–ग) ''राज्यपाल'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से होगा;}[1]

(20) ''उगी फसलें'' के अन्तर्गत सभी प्रकार की फसलें, जो भूबद्ध हो तथा पेड़ों और झाड़ियों पर लगे पत्ते, फूल और फल तथा पेड़ों और झाड़ियों के अन्दर का रस भी आयेगा; ''उगी फसलें''

{(21) ''उच्च न्यायालय'' या ''उच्च न्यायालय, इलाहाबाद'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के उच्च न्यायालय से होगा;}[2]

(22) {* * *}[3]

(23) ''स्थावर सम्पत्ति'' के अन्तर्गत भूमि, भूमि से उद्भूत होने वाले फायदे और वे वस्तुयें, जो भूबद्ध हो या किसी वस्तु से स्थायी रूप से जकड़ी हुई हो, आयेगी, किन्तु इसके अन्तर्गत खड़ा काष्ठ, उगी फसलें या घास नहीं आयेगी; ''स्थावर सम्पत्ति''

(24) ''कारावास'' का तात्पर्य भारतीय दण्ड संहिता में यथापरिभाषित दोनों में से किसी भांति के कारावास से होगा;

{(24–क) ''विधिक प्रतिनिधि'' का वही अर्थ होगा, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में है;}[4]

{(25) ''स्थानीय प्राधिकारी'' का तात्पर्य किसी म्युनिसिपल बोर्ड या नगर–पालिका, नगर महापालिका, नोटीफाइड एरिया कमेटी, टाउन एरिया कमेटी, जिला परिषद्, केन्टूनमेन्ट बोर्ड, क्षेत्र समिति, गांव सभा या किसी अन्य ऐसे प्राधिकारी से, जो स्थानीय स्वायत्त शासन अथवा गांव प्रशासन के प्रयोजनार्थ संघटित किया गया हो या जो किसी नगरपालिका या स्थानीय निधि का नियंत्रण या प्रबन्ध करने के लिए वैध रूप से हकदार हो या जिसे उसका नियंत्रण या प्रबन्ध राज्य सरकार द्वारा सौंपा गया हो, होगा;

(26) ''स्थानीय निधि'' का तात्पर्य ऐसे राजस्व से होगा, जिसका प्रबंन्ध ऐसे निकाय द्वारा किया जाता हो, जिस पर चाहे सामान्यतया कार्यवाहियों के या विशिष्ट विषयों, जैसे अपना बजट स्वीकृत करने, विशिष्ट पदो ंके सृहित करने या उन्हें भरने की स्वीकृति देने, छुट्टी के, पेंशन के या अन्य नियमों, विनियमों या उपविधियों को बनाने के सम्बन्ध में विधि या विधिसम प्रभावी नियम द्वारा, राज्य सरकार का नियंत्रण हो और इसके अन्तर्गत किसी ऐसे अन्य निकाय या राजस्व भी होगा, जिसे राज्य सरकार द्वारा इस रूप में विशिष्टतया अधिसूचित किया जाय;}[5]

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (10) द्वारा अन्तर्विष्ट।
2. उपर्युक्त की धारा 5 (7) द्वारा अंतर्विष्ट।
3. (हिज मजेस्टी) अथवा (दी किंग) की परिभाषाएं एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा निकाली गयी।
4. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (8) द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उपर्युक्त की धारा 5 (9) द्वारा अंतर्विष्ट।

''मजिस्ट्रेट'' (27) ''मजिस्ट्रेट'' के अन्तर्गत ऐसा हर व्यक्ति आयेगा, जो तत्समय प्रवृत्त दण्ड प्रकिया संहिता के अधीन मजिस्ट्रेट की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो;

''मास'' (28) ''मास'' का तात्पर्य ब्रिटिश कैलेण्डर के अनुसार संगणित मास से होगा;

{(28–क) ''माता'' के अन्तर्गत किसी ऐसे व्यक्ति की दशा में, जिस पर लागू विधि दत्तक ग्रहण अनुज्ञात करती हो, दत्तक माता भी आयेगी;}[1]

''जंगम सम्पत्ति'' (29) ''जंगम सम्पत्ति'' का तात्पर्य स्थावर सम्पत्ति को छोड़कर हर भांति की सम्पत्ति से होगा;

{(29–क) ''अधिसूचना'' या ''सार्वजनिक सूचना'' का तात्पर्य राज्य के गजट में प्रकाशित अधिसूचना से होगा और शब्द 'अधिसूचित' का तद्नुसार अर्थ लगाया जायेगा;}[2]

''शपथ'' (30) ''शपथ'' के अन्तर्गत ऐसे व्यक्तियों की दशा में, जो शपथ लेने के स्थान पर प्रतिज्ञान या घोषणा करने के लिए विधि द्वारा अनुज्ञात हो, प्रतिज्ञान और घोषणा भी आयेगी;

''अपराध'' (31) ''अपराध'' का तात्पर्य किसी ऐसे कार्य अथवा लोप से होगा, जिसे तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा दण्डनीय किया गया हो;

''भाग'' (32) ''भाग'' का तात्पर्य उस अधिनियम या विनियम के भाग से होगा, जिसमें वह शब्द आता हो;

''व्यक्ति'' (33) ''व्यक्ति'' के अन्तर्गत कोई कम्पनी या संगम या व्यष्टि–निकाय भी आयेगा, चाहे वह निगमित हो या नहीं;

{(33–क) ''विहित'' का तात्पर्य उस अधिनियम के अधीन, जिसमें वह शब्द आया हो, बनाये गये नियमों द्वारा विहित से होगा;

(33–ख) ''जनता'' के अन्तर्गत जनता का कोई वर्ग या प्रवर्ग भी आयेगा;}[3]

''लोक न्यूसेंस'' (34) ''लोक न्यूसेंस'' का तात्पर्य भारतीय दण्ड प्रकिया संहिता में यथापरिभाषित लोक न्यूसेंस से होगा;

''रजिस्ट्रीकृत'' (35) ''रजिस्ट्रीकृत'' का उपयोग जब किसी दस्तावेज के बारे में किया जाता है तो उसका तात्पर्य दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण के लिए तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन किसी {भाग क अथवा भाग ग राज्य}[4] में रजिस्ट्रीकृत से होगा;

''विनियम'' (36) ''विनियम'' का तात्पर्य गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया ऐक्ट, 1870 के अधीन बनाये गये किसी विनियम से होगा;

''नियम'' (37) ''नियम'' का तात्पर्य किसी अधिनियमिति द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनाये गये किसी नियम से होगा और इसके अन्तर्गत किसी अधिनियमिति के अधीन नियम के रूप में बनाया गया विनियम भी आयेगा;

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (10) द्वारा अंतर्विष्ट।
2. उपर्युक्त की धारा 5 (11) द्वारा अंतर्विष्ट।
3. उपर्युक्त की धारा 5 (12) द्वारा अन्तर्विष्ट।
4. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (दि प्राविन्सेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित, जो एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1948 द्वारा (फार ब्रिटिश इंडिया) के स्थान पर प्रतिस्थापित किया गया था।

(38) ''अनुसूची'' का तात्पर्य उस अधिनियम या विनियम की अनुसूची से होगा, जिसमें वह शब्द आता हो; ''अनुसूची''

{(39) ''अनुसूचित बैंक'' का तात्पर्य रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित बैंक से होगा;

(39–क) ''अनुसूचित जातियों'' तथा ''अनुसूचित जनजातियों'' के क्रमशः वे ही अर्थ होंगे, जो संविधान में है;}[1]

(40) ''धारा'' का तात्पर्य उस अधिनियम या विनियम की धारा से होगा, जिसमें वह शब्द आता हो; ''धारा''

(41) अपने व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित 'हस्ताक्षर' के अन्तर्गत किसी ऐसे व्यक्ति के प्रति निर्देश से, जो अपना नाम लिखने में असमर्थ हो, अपने व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित ''चिह्न'' भी आयेगा; ''हस्ताक्षर''

{(42) 'पुत्र' के अन्तर्गत किसी ऐसे व्यक्ति की दशा में, जिस पर लागू विधि दत्तक ग्रहण अनुज्ञात करती हो, दत्तक पुत्र भी आयेगा;

(42–क) 'राज्य' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश से होगा और संविधान के प्रारम्भ होने के पूर्व की किसी अवधि के सम्बन्ध में, उसके अन्तर्गत यूनाइटेड प्राविन्सेज भी आयेगा;

(42–ख) ''परिनियत संलेख'' का तात्पर्य किसी ऐसी अधिसूचना, आदेश, स्कीम, नियम, प्रपत्र या उपविधि से है, जो किसी अधिनियमिति के अधीन जारी की गयी हो और विधि का बल रखती हो;

(42–ग) ''राज्य सरकार'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से होगा और संविधान के अनुच्छेद 258–क के अधीन केन्द्रीय सरकार को सौंपे गये कृत्यों के सम्बन्ध में उसके अन्तर्गत, उक्त अनुच्छेद के अधीन केन्द्रीय सरकार को दिये गये प्राधिकार के विस्तार के भीतर कार्यरत केन्द्रीय सरकार भी आयेगी;}[2]

(43) ''उपधारा'' का तात्पर्य उस धारा की, जिसमें वह शब्द आता हो, उपधारा से होगा; ''उपधारा''

(44) अपने व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित ''शपथ लेना'' के अन्तर्गत ऐसे व्यक्तियों की दशा में, जिन्हें शपथ लेने के स्थान पर प्रतिज्ञान या घोषणा करने के लिए विधि द्वारा अनुज्ञा दी गई हो, प्रतिज्ञान करना और घोषणा करना, आयेंगे; ''शपथ लेना''

{(44–क) ''अस्थायी अधिनियम'' का तात्पर्य ऐसे अधिनियम से होगा, जिसे किसी विशिष्ट अवधि की समाप्ति पर या कोई विशिष्ट घटना होने पर या किसी विशिष्ट दिन को, प्रभावी या प्रवर्तनीय नहीं रह जाना है;}[3]

{(45) ''उत्तर प्रदेश'' का तात्पर्य संविधान के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य क्षेत्र में तत्समय समाविष्ट समस्त राज्य क्षेत्रों से होगा;}[4]

{(46) ''उत्तर प्रदेश अधिनियम'' का तात्पर्य ––

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (13) द्वारा अन्तर्विष्ट।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (14) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 5 (15) द्वारा अंतर्विष्ट।
4. उपर्युक्त की धारा 5 (16) द्वारा अंतर्विष्ट।

(क) संविधान के प्रारम्भ के पूर्व बनायी गयी किसी विधि के सम्बन्ध में, ऐसे अधिनियम से होगा, जो इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट्स, 1861 के या इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट्स, 1861 और 1892 के या इंडियन काउंसिल ऐक्ट्स, 1861 से 1909 तक के या गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया ऐक्ट, 1915 के अधीन नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज और अवध (या आगरा और अवध के संयुक्त प्रान्त) के लेफ्टीनेन्ट गवर्नर–इन–काउंसिल द्वारा या गवर्नमेन्ट आफ इंडिया ऐक्ट के अधीन संयुक्त प्रान्त के स्थानीय विधान मण्डल या गवर्नर द्वारा या गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया ऐक्ट, 1935 के अधीन संयुक्त प्रान्त के प्रान्तीय विधान मण्डल या गवर्नर द्वारा बनाया गया हो; और

(ख) संविधान के प्रारम्भ के पश्चात् बनायी गई किसी विधि के सम्बन्ध में, ऐसे अधिनियम से होगा, जो राज्य विधान मण्डल द्वारा पारित किया गया हो और उसके अन्तर्गत राष्ट्रपति या संविधान के अनुच्छेद 357 के खण्ड (1) के उपखण्ड (क) में निर्दिष्ट अन्य प्राधिकारी द्वारा राज्य विधान मण्डल की शक्तियों का प्रयोग करके बनायी गयी कोई विधि भी आयेगी;}[1]

''जलयान''

(47) ''जलयान'' के अन्तर्गत कोई पोत या नौका या नौपरिवहन में उपयोग में लाया जाने वाला किसी अन्य भाँति का जलयान आयेगा;

''बिल''

(48) ''बिल'' के अन्तर्गत कोड़पत्र और सम्पत्ति का स्वेच्छा से मरणोत्तर व्ययन करने वाला प्रत्येक लेख आयेगा;

''लेखन''

(49) ''लेखन'' के प्रति निर्देश करने वाले पदों का ऐसा अर्थ लगाया जायेगा कि उसके अन्तर्गत मुद्रण, शिला–मुद्रण, फोटोचित्रण और शब्दों का दृश्य रूप में रूपण या प्रत्युत्पादन करने के अन्य ढंगों के प्रति निर्देश भी आते हैं; और

''वर्ष''

(50) ''वर्ष'' का तात्पर्य ब्रिटिश कैलेण्डर के अनुसार संगणित वर्ष से होगा;

{(51) किसी केन्द्रीय अधिनियम के प्रति किसी निर्देश का ऐसे अर्थ लगाया जायगा मानो वह उत्तर प्रदेश में लागू होने के सम्बन्ध में, समय–समय पर यथासंशोधित उस अधिनियम के प्रति निर्देश हो और सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की दशा में ऐसे अर्थ लगाया जायगा मानों वह उच्च न्यायालय द्वारा उस संहिता की धारा 122 के अधीन प्रथम अनुसूची में अन्तर्विष्ट नियमों में समय–समय पर किये गये किन्हीं अभिशून्यनों, परिवर्तनों तथा परिवर्द्धनों के भी अधीन रहते हुए उस संहिता के प्रति निर्देश हो;

(52) किसी राजस्व डिवीजन, जिला या परगना अथवा किसी स्थानीय प्राधिकारी की अधिकारिता के भीतर के किसी स्थानीय क्षेत्र के प्रति किसी निर्देश का ऐसे अर्थ लगाया जायगा मानों वह ऐसे राजस्व डिवीजन, जिला या परगना अथवा स्थानीय क्षेत्र की समय–समय पर यथापरिवर्तित सीमाओं सहित उसके प्रति निर्देश हो;

(53) जिला न्यायाधीश, सिविल न्यायाधीश या मुंसिफ के प्रति किसी निर्देश का ऐसा अर्थ लगाया जायगा मानों उसके अन्तर्गत, यथास्थिति, किसी ऐसे अपर जिला न्यायाधीश, अपर सिविल न्यायाधीश या अपर मुंसिफ के प्रति निर्देश भी है, जिसे उस जिला न्यायाधीश द्वारा (जिसके अधीनस्थ ऐसा अधिकारी प्रशासकीय रूप से हो) कोई मामला निपटाने के लिये समनुदेशित किया जाय।}[2]

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 5 (17) द्वारा अन्तर्विष्ट।
2. उपर्युक्त की धार 5 (18) द्वारा अंतर्विष्ट।

व्याकरणिक रूप–भेद और सजातीय पद

{4–क–– प्रत्येक उत्तर प्रदेश अधिनियम में, जब कोई शब्द परिभाषित हो तो –

(क) वह परिभाषा तब तक लागू होगी जब तक कि अधिनियम के प्रसंग से अन्यथा अपेक्षित न हो;

(ख) उस शब्द के व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदो ंके तदनुरूप अर्थ होंगे।}[1]

अर्थान्वयन के साधारण नियम

अधिनियमितियों का प्रवर्तन में आना

5–– {(1) जहां कि किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम का किसी विशिष्ट दिन को प्रवर्तन में आना अभिव्यक्त न हो, वहां

(क) संविधान के प्रारम्भ के पूर्व बनाए गए किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम की दशा में, यदि वह विधान मण्डल द्वारा बनाया गया अधिनियम हो, वह उस दिन को प्रवर्तन में आयेगा जब उस पर स्थिति की अपेक्षानुसार गवर्नर, गवर्नर जनरल या हिज मैजेस्टी की अनुमति सरकारी गजट में पहली बार प्रकाशित की जाय और यदि वह गवर्नर द्वारा बनाया गया अधिनियम हो तो वह उस दिन को प्रवर्तन में आयेगा जब वह अधिनियम के रूप में सरकारी गजट में पहली बार प्रकाशित किया जाय;

(ख) संविधान के प्रारम्भ के पश्चात् बनाये गये किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम की दशा में, वह उस दिन को प्रवर्तन में आयेगा जब उस पर, स्थिति की अपेक्षानुसार, राज्यपाल या राष्ट्रपति की अनुमति सरकारी गजट में पहली बार प्रकाशित की जाय।}[2]

(2) जब तक कि तत्प्रतिकूल अभिव्यक्त न हो, किसी {उत्तर प्रदेश}[3] अधिनियम का ऐसा अर्थ लगाया जायेगा कि वह अपने प्रारम्भ के पूर्ववर्ती दिन का अवसान होते ही प्रवर्तन में आ गया है।

निरसन का प्रभाव

6–– जहां कि कोई {उत्तर प्रदेश}[3] अधिनियम अब तक बनाई गई या एतत्पश्चात् बनाई जाने वाली किसी अधिनियमिति को निरसित कर देता है तो जब तक कोई भिन्न आशय न प्रतीत हो, वह निरसन–

(क) उस निरसन के प्रभावशील होने के समय अप्रवृत्त या अविद्यमान किसी बात को पुनर्जीवित नहीं करेगा; अथवा

(ख) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के पूर्व प्रवर्तन पर या तद्धीन सम्यक रूप से की गई या सहज की गई किसी बात पर प्रभाव नहीं डालेगा; अथवा

(ग) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के अधीन अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं डालेगा; अथवा

(घ) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के विरूद्ध किये गये किसी अपराध की बावत उपगत किसी शास्ति, समपहरण या दण्ड पर प्रभाव नहीं डालेगा; अथवा

---

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 6 द्वारा अंतर्विष्ट।
2. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) के लिए प्रतिस्थापित।

(ङ) निरसन करने वाले अधिनियम के प्रवर्तन में आने के पूर्व, किसी यथापूर्वोक्त ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता, दायित्व, शास्ति, समपहरण या दण्ड के बारे में, प्रारम्भ हुए किसी उपचार या अन्वेषण या विधिक कार्यवाही पर प्रभाव नहीं डालेगा;

और ऐसा कोई उपचार इस प्रकार प्रवर्तित किया जा सकेगा और ऐसे किसी अन्वेषण या विधिक कार्यवाही को इस प्रकार जारी रखा तथा समाप्त किया जा सकेगा और ऐसी किसी शास्ति, समपहरण या दण्ड को इस प्रकार अधिरोपित किया जा सकेगा मानों वह निरसन करने वाला अधिनियम पारित ही न हुआ हो।

अस्थायी अधिनियमों के अवसान का समय

{6–क–– किसी अस्थायी उत्तर प्रदेश अधिनियम का ऐसे अर्थ लगाया जायगा मानों वह ठीक उस दिन की समाप्ति पर, जिसको वह अवसित हो, प्रवर्तन में नहीं रह गया है।

अवसान का प्रभाव

6–ख–– जहां कि किसी अस्थायी उत्तर प्रदेश अधिनियम का अवसान हो जाय, वहां उस पर धारा 6 और 24 के उपबन्ध उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार कि वे किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम द्वारा किसी अधिनियमिति के निरसित किये जाने पर लागू होते हैं।

अन्य विधियों में पाठीय संशोधन करने वाली विधि का निरसन अथवा अवसान

6–ग–– (1) उपधारा (2) में, जैसा उपबन्धित है, उसके सिवाय, जहां कि कोई उत्तर प्रदेश अधिनियम किसी विषय के अभिव्यक्त लोप, अन्तःस्थापन या प्रतिस्थापन द्वारा किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम या विनियम का पाठ संशोधित करता है और और तत्पश्चात् संशोधन अधिनियमिति को निरसित कर दिया जाता है, वहां ऐसे निरसन से, किसी ऐसे संशोधन के, जो इस प्रकार निरसित अधिनियमिति द्वारा किया गया हो और ऐसे निरसन के समय प्रवर्तन में हो, जारी रहने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(2) जहां कि पाठ का ऐसा संशोधन किसी अस्थायी उत्तर प्रदेश अधिनियम द्वारा या किसी अध्यादेश द्वारा अथवा राष्ट्रपति या संविधान के अनुच्छेद 357 के खण्ड (1) के उपखण्ड (क) में निर्दिष्ट अन्य प्राधिकारी द्वारा राज्य विधान मण्डल की शक्तियों का प्रयोग करके बनायी गयी किसी विधि द्वारा किया जाय और ऐसा अधिनियम, अध्यादेश या अन्य विधि (परिष्कार सहित अथवा बिना परिष्कार के) पुनः अधिनियमित हुए बिना प्रवर्तन में न रह जाय, वहां एतद्द्वारा पाठ में किया गया ऐसा संशोधन भी प्रवर्तन में न रह जायगा।}[2]

निरसित अधिनियमितियों का पुनर्जीवित होना

7–– किसी पूर्णतः या अंशतः निरसित अधिनियमिति को, पूर्णतः या अंशतः पुनर्जीवित करने के प्रयोजन के लिए किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में, उस प्रयोजन को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त कर देना आवश्यक होगा।

निरसित अधिनियमितियों के प्रति किए गए निर्बन्धन का अर्थान्वयन

8–– {(1)}[3] जहां कि कोई {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम, पूर्ववर्ती अधिनियमिति के किसी उपबन्ध को निरसित और परिष्कार सहित या रहित, पुनः अधिनियमित करता है, वहां जब तक कि कोई भिन्न आशय प्रतीत न हो, इस प्रकार निरसित उपबन्ध के प्रति किसी अन्य अधिनियमिति या किसी लिखत में, के निदेशों का यह अर्थ लगाया जायेगा कि वे इस प्रकार पुनः अधिनियमित उपबन्ध के प्रति निर्दोश है।

{(2) जहां कि किसी अधिनियमिति का संक्षिप्त नाम किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम द्वारा संशोधित किया जाता है, वहां किसी अन्य अधिनियमिति में उस अधिनियमिति के पुराने संक्षिप्त नाम के प्रति निर्देश का ऐसा अर्थ लगाया जायगा मानो वह उस अधिनियमिति के नये संक्षिप्त नाम के प्रति निर्देश हो।}[3]

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) के लिए प्रतिस्थापित।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 7 द्वारा अन्तर्विष्ट।
3. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 8 द्वारा धारा 8 उसकी उपधारा (1) के रूप में पुनर्संख्याकित की गई और नयी उपधारा (2) अन्तर्विष्ट की गयी।

समय का प्रारम्भ और पर्यवसान

9–– किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में किसी दिनावलि या समय की किसी अन्य कालावधि के प्रथम दिन को अपवर्जित करने के प्रयोजन के लिए ''से'' शब्द का उपयोग तथा किसी दिनावलि या समय की किसी अन्य कालावधि के अन्तिम दिन को सम्मिलित करने के लिए 'तक'' शब्द का उपयोग करना पर्याप्त होगा।

समय की संगणना

10–– जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा किसी कार्य या कार्यवाही का किसी न्यायालय या कार्यालय में किसी निश्चित दिनांक को या किसी विहित कालावधि के भीतर किया जाना निर्दिष्ट या अनुज्ञात हो, वहां यदि वह न्यायालय या कार्यालय उस दिन या उस विहित कालावधि के अन्तिम दिन बन्द हो तो यदि वह कार्य या कार्यवाही उस निकट आगामी दिन को जब वह न्यायालय या कार्यालय खुले, को जाती है तो वह सम्यक समय में की गई मानी जायेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि इस धारा की कोई भी बात ऐसे कार्य या कार्यवाही पर लागू न होगी, जिस पर इण्डियन लिमिटेशन ऐक्ट, 1877 लागू हो।

पार्श्व टिप्पणियों का अधिनियम का भाग न होना

{10–क–– उत्तर प्रदेश अधिनियम के किसी उपबन्ध की पार्श्व–टिप्पणियों और किसी ऐसे उपबन्ध के सामने किसी पूर्ववर्ती अधिनियमित की संख्या और वर्ष के प्रति निर्देश के बारे में यह समझा जायगा कि वे केवल निर्देश की सुविधा के लिए रखे गये हैं और वे अधिनियम के भाग नहीं होंगे।

निगमन का प्रभाव

10–ख–– जहां कि कोई उत्तर प्रदेश अधिनियम किसी भी प्रकार के शब्दों द्वारा कोई निगमित निकाय संघटित करता है, वहां उस निगमित निकाय का शाश्वत उत्तराधिकार होगा और उसकी एक सामान्य मुद्रा होगी और वह अपने निगमित नाम से संविदा कर सकेगा और वह चाहे जंगम या स्थावर सम्पत्ति अर्जित कर सकेगा, धारण कर सकेगा और उसका निस्तारण कर सकेगा और अपने निगमित नाम से वह वाद ला सकेगा या उसके विरूद्ध वाद लाया जा सकेगा।

प्रपत्र में रूप भेद

10–ग–– जहां कि किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम द्वारा कोई प्रपत्र विहित किया जाय, वहां उसमें किंचित रूप भेद, जो सार पर प्रभाव न डालता हो या भुलावा देने के लिए प्रकल्पित न हो, उसे अविधिमान्य न बनायेगा।}[2]

दूरियों की माप

11– किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम के प्रयोजनों के लिए किसी दूरी की माप करने में उस दूरी को, जब तक कि भिन्न आशय प्रतीत न हो, क्षैतिज समतल पर सरल रेखा में मापा जायेगा।

अधिनियमितियों का शुल्क का आनुपातिक समझा जाना

12–– जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा कोई सीमा शुल्क या उत्पाद–शुल्क या ऐसी ही प्रकृति का कोई शुल्क किसी माल या वाणिज्य के किसी दिए हुए परिमाण पर, तोल, माप या मूल्य के अनुसार उदग्रहणीय हो, वहां किसी अधिक या न्यून परिणाम पर वैसा ही शुल्क उसी दर के अनुसार उद्ग्रहणीय होगा।

लिंग और वचन

13–– जब तक विषय या प्रसंग में कोई बात विरूद्ध न हो, समस्त {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियमों में :–

(1) यह समझा जायेगा कि पुलिंग वाचक शब्दों के अन्तर्गत स्त्रियां भी हैं; और,

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 9 द्वारा बढ़ायी गयी।

(2) एक वचन शब्दों के अन्तर्गत बहुवचन आयेगा और बहुवचन शब्दों के अन्तर्गत एक वचन आयेगा।

शक्तियां और कृत्यकारी

राज्य सरकार को प्रदत्त शक्तियों का समय–समय पर प्रयोक्तव्य होना

14–– जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा {* * *}[2] कोई शक्ति प्रदत्त हो, वहां उस शक्ति का प्रयोग अवसर की अपेक्षानुसार, समय–समय पर किया जा सकेगा।

नियुक्त करने की शक्ति के अन्तर्गत पदेन नियुक्त करने की प्रविष्ट का होना

15–– जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा, किसी पद को भरने या किसी कृत्य का निष्पादन करने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त करने की शक्ति प्रदत्त हो, वहां जब तक कि अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबन्धित न हो, ऐसी कोई नियुक्ति या तो नाम से या पदाभिधान से की जा सकेगी।

नियुक्त करने की शक्ति के अन्तर्गत निलम्बित करने, पदच्युत करने या अन्यथा पदावधि समाप्त करने की शक्ति का होना

{16–– जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा कोई नियुक्ति करने की शक्ति प्रदत्त हो, वहां जब तक कि भिन्न आशय प्रतीत न हो, उस प्राधिकारी को, जिसे नियुक्ति करने की तत्समय शक्ति हो यह शक्ति भी होगी कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को, जो शक्ति के प्रयोग में उसके द्वारा या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किया गया हो, निलम्बित कर सके, पदच्युत कर सके, हटा सके या अन्यथा उसका पदावधि समाप्त कर सके।}[3]

कृत्यकारियों का प्रतिस्थापन

17–– किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में, यह उपदर्शित करने के प्रयोजन के लिए कि कोई विधि किसी पद के कृत्यों का तत्समय निष्पादन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति या व्यक्ति संख्या पर लागू है, उस अधिकारी का, जो वर्तमान समय में कृत्यों का निष्पादन कर रहा हो, या उस अधिकारी का, जिसके द्वारा कृत्यों का सामान्यतः निष्पादन किया जाता है, पदनाम उल्लिखित करना पर्याप्त होगा।

उत्तरवर्ती

18–– किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में, किन्हीं कृत्यकारियों के या शाश्वत उत्तराधिकार रखने वाले नियमों के उत्तरवर्तियों से किसी विधि के सम्बन्ध को उपदर्शित करने के प्रयोजन के लिए कृत्यकारियों से या निगमों से उसका सम्बन्ध अभिव्यक्त करना पर्याप्त होगा।

कार्यालय के मुख्य और अधीनस्थ

19–– किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में, यह अभिव्यक्त करने के प्रयोजन के लिए कि किसी कार्यालय के मुख्य या वरिष्ठ से सम्बन्धित विधि उन उपपदीयों या अधीनस्थों पर, जो अपने वरिष्ठ के स्थान पर उस पद के कर्तव्यों का वैध रूप से पालन कर रहे हों, लागू होगी, उस वरिष्ठ के कर्तव्यों को विहित कर देना पर्याप्त होगा।

आनुषंगिक शक्तियां

{19–क– जहां कि किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम द्वारा किसी व्यक्ति, अधिकारी या कृत्यकारी को किसी कार्य या बात को करने या उसके किये जाने को प्रवृत्त करने के लिए कोई शक्ति दी जाय, वहां यह समझा जायगा कि ऐसी समस्त शक्तियां भी दी गई है, जो ऐसे कार्य या बात को करने या उसके किये जाने का प्रवृत्त करने के लिए उस व्यक्ति, अधिकारी या कृत्यकारी को समर्थ बनाने के लिए आवश्यक हो।}[4]

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 10 द्वारा निकाले गये।
3. उपर्युक्त की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 12 द्वारा प्रतिस्थापित।

अधिनियम के अधीन जारी किये गये परिनियत संलेखों[3] के सम्बन्ध में उपबन्ध

अधिनियमितियों के अधीन जारी किए गए आदेशों आदि का अर्थान्वयन

20–– {(1)}[4] जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा कोई {परिनियत संलेख}[5] को जारी करने की शक्ति प्रदत्त की गयी हो, वहां जब तक कि विषय या प्रसंग में कोई बात विरूद्ध न हो, {परिनियत संलेख}[5] में प्रयुक्त पदों के क्रमशः वे ही अर्थ होंगे, जो शक्ति प्रदत्त करने वाले अधिनियम में है।

{(2) धारा 4, 4–क, 6, 6–क, 6–ख, 7, 8, 9, 10, 10–क, 10–ग, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 19–क और 28 के उपबन्ध किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम के अधीन जारी किये गये किसी परिनियत संलेख के सम्बन्ध में, आवश्यक परिवर्तनों सहित, वैसे ही लागू होंगे, जैसे वे किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम के सम्बन्ध में लागू होते हैं।}[6]

आलेखों, नियमों या उपविधियों के बनाने की शक्ति के अन्तर्गत उनमें जोड़ने, उनका संशोधन करने, उनमें फेरफार करने या उनका विखण्डन करने की शक्ति का होना

21–– जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा कोई {परिनियत संलेखों}[5] को जारी करने की शक्ति प्रदत्त की गयी हो, वहां इस प्रकार {जारी किये गये परिनियत संलेखों}[7] में जोड़ने उन्हें संशोधित करने या उनमें फेरफार करने या उनको विखण्डित करने की वैसी ही रीति से और वैसी ही मंजूरी और शर्तों के (यदि कोई हो) अधीन रहते हुए, प्रयोक्तव्य शक्ति, उस शक्ति के अन्तर्गत है।

अधिनियमितियो के प्रकाशन और प्रारम्भ होने के बीच नियमों या उपविधियों का बनाया जाना तथा आदेशों का जारी किया जाना

{22–– जहां कि किसी ऐसे उत्तर प्रदेश अधिनियम के, जिसे उस दिनांक को प्रवृत्त नहीं होना है जब तक कि उसे सरकारी गजट में पहली बार प्रकाशित किया जाय, लागू होने के सम्बन्ध में अथवा तद्धीन या उसके द्वारा संशोधित किसी अधिनियमिति के अधीन प्रयोक्तव्य किसी शक्ति के प्रयोग में अथवा तद्धीन किसी न्यायालय या कार्यालय की स्थापना या किसी न्यायाधीश या किसी अधिकारी की नियुक्ति के सम्बन्ध में, अथवा उस व्यक्ति के, जिसके द्वारा या उस समय के जब, या उस स्थान के, जहां, या उस रीति के, जिससे या उन फीसों, करों, उपकरों या अन्य देयों के, जिनके लिए उस अधिनियम के अधीन कोई बात की जानी हो, सम्बन्ध में {परिनियत संलेख जारी करने}[8] की शक्ति उस अधिनियम द्वारा प्रदत्त हो वहां वह शक्ति उस अधिनियम के पूर्वोक्त रीति से प्रकाशित होने के पश्चात् किसी भी समय प्रयोग में लायी जा सकेगी किन्तु {इस प्रकार जारी किये गये परिनियत संलेख तब तक प्रभावशील न होंगे}[8] जब तक उस अधिनियम का प्रारम्भ न हो जाय।}[2]

नियमों या उपविधियों के पूर्व प्रकाशन के पश्चात् बनाये जाने के सम्बन्ध में लागू होने वाले उपबन्ध

23–– {(1)}[9] जहां कि किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा नियम या उपविधियां बनाने की शक्ति का इस शर्त के अधीन दिया जाना अभिव्यक्त हो कि नियम या उपविधियां पूर्व प्रकाशन के पश्चात् बनाई जायं, वहां निम्नलिखित उपबन्ध लागू होंगे; अर्थात् :–

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5, 1957 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 13 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 14 द्वारा धारा 20 को उसकी उपधारा (1) के रूप में पुनर्संख्याकित किया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 14 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट।
6. उपर्युक्त की धारा 14 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
7. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 15 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 16 द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 17 द्वारा धारा 23 को उसकी उपधारा (1) के रूप में तथा खण्ड (1) से (5) को खण्ड (क) से (ङ) के रूप में पुनर्संख्याकित किया गया तथा उसके पश्चात् उपधाराएं (2) व (3) अंतर्विष्ट की गयी।

{(क)}[1] नियमों या उपविधियों को बनाने की शक्ति रखने वाला प्राधिकारी, उन्हें बनाने के पूर्व, उन व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिन पर एतद्द्वारा प्रभाव पड़ना सम्भाव्य हो, प्रस्थापित नियमों या उपविधियों का प्रारूप प्रकाशित करेगा;

{(ख)}[1] वह प्रकाशन ऐसी रीति से किया जायेगा, जिसे वह प्राधिकारी पर्याप्त समझे या यदि पूर्व प्रकाशन के बारे में की शर्त ऐसी अपेक्षा करे तो ऐसी रीति से किया जायेगा, जिसे {सम्बद्ध सरकार}[2] विहित करे;

{(ग)}[1] उस प्रारूप के साथ एक नोटिस प्रकाशित किया जायगा, जिसमें वह दिनाँक विनिर्दिष्ट होगा, जिसको या जिसके पश्चात् उस प्रारूप पर विचार किया जायगा;

{(घ)}[1] नियमों या उपविधियों को बनाने की शक्ति रखने वाला प्राधिकारी और जहां कि नियम या उपविधियां किसी अन्य प्राधिकारी की स्वीकृति, अनुमोदन या सहमति से बनाई जानी हो, वहां वह प्राधिकारी भी ऐसी किसी आपत्ति या सुझाव पर विचार करेगा, जो नियमों या उपविधियों को बनाने की शक्ति रखने वाले प्राधिकारी को इस प्रकार विनिर्दिष्ट दिनाँक से पूर्व उस प्रारूप के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से प्राप्त हो;

{(ङ)}[1] नियमों या उपविधियों को पूर्व प्रकाशन के पश्चात् बनाने की शक्ति का प्रयोग करके बनाये गये तात्पर्यित नियम या उपविधि का {सरकारी गजट}[3] में प्रकाशन इस बात का निश्चायक सबूत होगा कि उस नियम या उपविधि को सम्यक रूप से बनाया गया है।

{(2) उपधारा (1) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट दिनांक प्रस्थापित नियमों या उपविधियों का प्रारूप उस उपधारा के खण्ड (क) के अधीन प्रकाशित किये जाने के दिनांक के एक मास की अवधि के अवसान के दिन से पूर्व का दिनांक न होगा।

(3) उपधारा (1) और (2) के उपबन्धों के होते हुए भी, जहां कि राज्य सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान है, जिनके कारण उसे तात्कालिक प्रभाव देते हुए या एक मास की अवधि के पूर्व के दिनांक से नियम या उप–विधियां बनाना आवश्यक है तो वह कोई ऐसे नियम या उप–विधियां यथास्थिति, पूर्व प्रकाशन के बिना बना सकेगी या उपधारा (1) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट दिनांक प्रस्थापित नियमों या उपविधियों के प्रकाशन के दिनांक से एक मास की अवधि के अवसान के दिन से पूर्व का नियत कर सकेगी।}[4]

नियमों के प्रभावी होने का दिनांक तथा उन पर विधान मण्डल का नियंत्रण

{23–क–– (1) किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाये गये सभी नियम, बनाये जाने के पश्चात् यथाशक्यशीघ्र, राज्य विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल मिलाकर कम से कम तीस दिन की अवधि के लिए, जो उसके एक सत्र में या दो या अधिक क्रमवर्ती सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखे जायेंगे और जब तक कि कोई पश्चात्वर्ती दिनांक नियत न किया जाय, गजट में अपने प्रकाशित होने के दिनांक से, ऐसे परिष्कारों या अभिशून्यनों के अधीन रहते हुए प्रभावी होगे, जो विधान मण्डल के दोनों सदन उक्त अवधि में करने के लिए सहमत हो जायें किन्तु इस प्रकार कि कोई ऐसा परिष्कार या अभिशून्यन तद्धीन पहले की गयी किसी बात की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव न डालेगा।

---

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 54 वर्ष 1975 की धारा 17 द्वारा धारा 23 को उसकी उपधारा (1) के रूप में तथा खण्ड (1) से (5) को खण्ड (क) से (ङ) के रूप में पुनर्संख्याकित किया गया तथा उसके पश्चात् उपधाराएं (2) व (3) अंतर्विष्ट की गयी।
2. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1951 द्वारा (यथास्थिति सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट या प्राविन्शियल गवर्नमेन्ट) के लि प्रतिस्थापित, जिसे एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1937 द्वारा (लोकल गवर्नमेन्ट) के लिए प्रतिस्थापित किया गया था।
3. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1937 द्वारा (गजट) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
4. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 17 द्वारा अंतर्विष्ट।

(2) जहां कि कोई केन्द्रीय अधिनियम, जो उत्तर प्रदेश में प्रवृत्त या लागू हो और ऐसे विषयों से संबंधित हो, जिसके संबंध में राज्य विधान मण्डल को उत्तर प्रदेश के लिए विधियां बनाने की शक्ति है, राज्य सरकार को तद्धीन नियम बनाने की शक्ति प्रदत्त करता है, वहां ऐसे अधिनियम में तत्प्रतिकूल किसी अभिव्यक्त उपबन्ध के अधीन रहते हुए, उपधारा (1) के उपबन्ध, राज्य सरकार द्वारा उक्त शक्ति का प्रयोग करके बनाये गये नियमों पर, आवश्यक परिवर्तनों सहित, लागू होंगे।}[2]

निरसित और पुनः अधि–नियमित अधिनियमितियों के अधीन की गई नियुक्तियों, जारी की गई अधि–सूचनाओं, आदेशों आदि का चालू रहना

24–– जहां कि कोई अधिनियमिति किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम द्वारा निरसित और परिष्कारों सहित या रहित पुनः अधिनियमित की जाय, वहां जब तक की अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबन्धित न हो, निरसित अधिनियम के अधीन की गई कोई नियुक्ति, {या जारी किया गया कोई परिनियत संलेख या बनाया गया कोई प्रपत्र जहां तक कि वह पुनः अधिनियमित उपबन्धों से असंगत न हो, प्रवृत्त बना रहेगा तथा यदि और जब तक कि उसे इस प्रकार पुनः अधिनियमित उपबन्धों के अधीन की गयी किसी नियुक्ति अथवा जारी किए गए किसी परिनियत संलेख या बनाये गए किसी प्रपत्र द्वारा अतिष्ठित न कर लिया जाय, उसे इस प्रकार पुनः अधिनियमित उपबन्धों के अधीन किया गया या जारी किया गया समझा जायेगा।}[3]

प्रकीर्ण

जुर्मानों की वसूली

25–– भारतीय दण्ड संहिता की धाराएं 63 में 70 तक और जुर्मानों के उद्ग्रहण के लिए वारन्टों के निकाले जाने और निष्पादित करने से सम्बन्धित तत्समय प्रवृत्त दण्ड प्रकिया संहिता के उपबन्ध किसी भी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम के अधीन या किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम के अधीन बनाए गए नियम या बनायी गयी किसी उपविधि के अधीन अधिरोपित सब जुर्मानों पर तब के सिवाय लागू होंगे, जब कि उस अधिनियम, नियम या उपविधि में तत्प्रतिकूल कोई अभिव्यक्त उपबन्ध अंतर्विष्ट हो।

दो या अधिक अधिनिय–मितियों के अधीन दण्डनीय अपराधों के सम्बन्ध में उपबन्ध

26–– जहां कि कोई कार्य या लोप दो या अधिक {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियमों के अधीन कोई अपराध गठित करता हो वहां अपराधी उन दोनों अधिनियमितियों में से एक या दूसरे के या उनमें से किसी के अधीन अभियोजित और दण्डित किये जाने का भागी होगा किन्तु उसी अपराध के लिए दो बार दण्डित किये जाने का भागी नहीं होगा।

डाक द्वारा तामील का अर्थ

27–– जहां कि कोई {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम दस्तावेज की डाक द्वारा तामील की जानी प्राधिकृत या अपेक्षित करता है, चाहे पद 'तामील' का अथवा ''देना'' या ''भेजना'' इन दोनों पदों में से किसी का अथवा किसी अन्य पद का प्रयोग किया गया हो, वहां जब तक कि भिन्न आशय प्रतीत न हो, किसी पत्र पर, जिसमें वह दस्तावेज हो, ठीक से पता लिखने, डाक महसूल का पूर्व–भुगतान करने और रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा डाक में भेजने से तामील हुई समझी जायेगी और जब तक कि तत्प्रतिकूल साबित न कर दिया जाय यह समझा जायेगा कि तामील उस समय पर हो चुकी है जब वह पत्र डाक के मामूली अनुक्रम में परिदत्त हो जाता।

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 18 द्वारा अंतर्विष्ट।
3. उपर्युक्त की धारा 19 द्वारा प्रतिस्थापित।

अधिनियमितियों का प्रोद्धरण

28–– (1) किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में और किसी ऐसे अधिनियम के अधीन या उसके प्रति निर्देश से बनाये गये किसी नियम, उपविधि, लिखत या दस्तावेज में, किसी अधिनियमिति को उसके प्रदत्त नाम या संक्षिप्त नाम (यदि कोई हो) के प्रति निर्देश से अथवा उसकी संख्या और वर्ष के प्रति निर्देश से प्रोद्भूत किया जा सकेगा और किसी अधिनियमिति के किसी भी उपबन्ध को उस अधिनियमिति की, जिसमें वह उपबन्ध अन्तर्विष्ट है, धारा या उपधारा के प्रति निर्देश से प्रोद्भूत किया जा सकेगा।

(2) 22 मई, 1902 के पूर्व बनाये गये किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम को प्रोद्भूत करने में, उसके प्रदत्त नाम या संक्षिप्त नाम (यदि कोई हो) में शब्द ''नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज एण्ड अवध'' के स्थान पर शब्द {संयुक्त प्रान्त}[2] तथा शब्द ''नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज'' के स्थान पर शब्द ''आगरा'' प्रतिस्थापित किये जा सकेंगे।

(3) किसी {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियम में, किसी दूसरी अधिनियमिति के किसी प्रभाग के वर्णन या प्रोद्धरण का, जब तक कि भिन्न आशय न प्रतीत हो, यह अर्थ लगाया जायगा कि उसके अन्तर्गत वह शब्द, धारा या अन्य भाग आता है, जिसका इस रूप का उल्लेख या निर्देश है कि वह उस वर्णन या प्रोद्धरण में समाविष्ट प्रभाग का प्रारम्भ है और अन्त है।

वर्तमान अधिनियमितियों में नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज एण्ड अवध के प्रति निर्देश

29–– समस्त {केन्द्रीय अधिनियमों या केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाये गये विनियमों}[3] में और समस्त {उत्तर प्रदेश}[1] अधिनियमों में, जो इससे पूर्व पारित हुए हो और अब भी प्रवृत्त हो और तद्धीन की गई प्रत्येक नियुक्ति {या जारी किये गये प्रत्येक परिनियत संलेख}[4] में {नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज एण्ड अवध}[5] के प्रति सभी निर्देशों का अर्थ यह लगाया जायेगा कि वे {उत्तर प्रदेश}[1] के प्रति निर्देश है {* * *}[6] क्रमशः नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज के और प्राविन्स आफ अवध के प्रति निर्देशों का अर्थ यह लगाया जायेगा कि वे उत्तर प्रदेश में समाविष्ट तत्स्थानी राज्य क्षेत्रों के प्रति निर्देश है { * * *}[6] और {नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज}[5] के लेफ्टीनेन्ट गवर्नर या अवध के चीफ कमिश्नर या {नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज}[5] एण्ड अवध के लेफ्टीनेन्ट गवर्नर इन काउंसिल के प्रति सभी निर्देशों का यह अर्थ लगाया जायेगा कि वे {उत्तर प्रदेश}[1] की {राज्य सरकार}[7] के प्रति निर्देश है।

गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया ऐक्ट, 1935 के अधीन के अध्यादेशों और विनियमों पर लागू होना

{30–– इस अधिनियम के उपबन्ध ––

(क) गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया ऐक्ट, 1935 की धारा 88 के अधीन गवर्नर द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश के सम्बन्ध में उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे गवर्नर द्वारा उक्त ऐक्ट के अधीन बनाये गये उत्तर प्रदेश अधिनियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं और उक्त ऐक्ट की धारा 92 के अधीन गवर्नर द्वारा बनाये गये किसी विनियम के सम्बन्ध में उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे प्रान्तीय विधान मण्डल द्वारा बनाये गये उत्तर प्रदेश अधिनियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं; और

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (यूनाइटेड प्राविन्सेज) तथा (दि यूनाइटेड प्राविसेज) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा पद (यूनाइटेड प्राविन्सेज संयुक्त प्रान्त) अपरिष्कृत रहेगा।
3. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (ऐक्टस एण्ड रेगुलेशन्स आफ दि गवर्नर जनरल) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
4. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 20 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा पद (नार्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज) तथा (प्राविन्स आफ अवध) अपरिष्कृत रहेगा।
6. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1937 द्वारा शब्द (आफ आगरा एण्ड अवध) निकाला गया।
7. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा (प्रान्तीय सरकार) के स्थान पर प्रतिस्थापित।

(ख) संविधान के अनुच्छेद 213 के अधीन राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश या संविधान की पंचम अनुसूची की कण्डिका 5 के अधीन राज्यपाल द्वारा बनाये गये किसी विनियम के सम्बन्ध में उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाये गये उत्तर प्रदेश अधिनियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं :

प्रतिबन्ध यह है कि इस अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) का खण्ड (ख), किसी ऐसे अध्यादेश पर, जो खण्ड (ख) में निर्दिष्ट है, इस प्रकार लागू होगा मानों उक्त उपधारा (1) के खण्ड (ख) में अधिनियम पर अनुमति के सरकारी गजट में पहली बार प्रकाशन के दिन के प्रति निर्देश के स्थान पर अध्यादेश के उस गजट में पहली बार प्रकाशन के दिन के प्रति निर्देश प्रतिस्थापित हो।}[1]

{ * * * }[2]

---

1. एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1950 द्वारा धारा 30 के स्थान पर प्रतिस्थापित, जो एडेप्टेशन ऑफ लॉज आर्डर, 1937 द्वारा अंतर्विष्ट किया गया था।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 54, 1975 की धारा 21 द्वारा निकाली गयी।

[The Uttar Pradesh][1] General Clauses Act, 1904[2]

[U. P. Act No. 1 of 1904]

Amended by

U. P. Act no. V of 1957
U. P. Act no. 54 of 1975

Adapted and modified by the Government of India (Adaptation of Indian Laws) Order, 1937

Adapted and modified by the Adaptation of Laws Order, 1950

[Received the assent of the Lieutenant-Governor on the 28th November, 1903, and of the Governor-General on the 7th January, 1904, and was published under section 40 of the Indian Councils Act, 1861, on the 23rd January, 1904]

AN

ACT

To consolidate and extend the [Uttar Pradesh][1] General Clauses Act, 1887 and 1896;

